आकाशवाणी मध्यप्रदेष
प्रादेशिक समाचार
दिनांक : 23.04.2025 समय : 02.10pm

जम्मू कश्मीर हमला

जम्मू कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में पर्यटकों के एक समूह पर कल हुए आतंकी हमले की सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए गृह मंत्री अमित शाह आज पहलगाम पहुंचे। उन्होंने बैसरन वन क्षेत्र में घटना स्थल का दौरा किया और घायलों से मुलाकात की। इससे पहले श्री शाह ने श्रीनगर में मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। मृतकों को श्रीनगर से विशेष विमान से उनके पैतृक स्थान पर ले जाया जा रहा है। इसके पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सऊदी अरब यात्रा बीच में ही छोड़कर आज सुबह नई दिल्ली पहुंचे। उन्होंने हवाई अड्डे पर संक्षिप्त बैठक की। उन्होंने विदेश मंत्री डॉक्टर सुब्रह्मण्यम जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारियों के साथ स्थिति पर विचार-विमर्श किया।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन भी अपनी अमरीका और पेरू की अधिकारिक यात्रा को बीच में छोड़कर वापस स्वदेश लौट रही हैं।

पहलगांव हमले के मृतकों में इंदौर के अभिनंदन नगर निवासी 58 वर्षीय सुशील नथानियल भी शामिल है। वह रीजनल मेनेजर LIC Alirajpur के पद पर थे। वे पत्नी और दो बच्चों के साथ कश्मीर गए थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आतंकवादी हमले पर दुख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह पाकिस्तान की कायराना हरकत है।

पहलगाम में हुए हमले की जांच के लिए आज राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की एक टीम घटना स्थल पर पहुंच गई है। यह टीम जांच में जम्मू-कश्मीर पुलिस की सहायता करेगी। इस बीच पूरे क्षेत्र की घेराबंदी कर सेना का सर्च ऑपरेशन जारी है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार, पहलगाम आतंकी हमले में कल दो स्थानीय लोगों सहित 26 पर्यटक मारे गए। पुलिस और खुफिया एजेंसियों ने तीन हमलावरों के स्केच जारी किए हैं। आतंकी हमले के कारण वापस लौट रहे पर्यटकों के लिए आज

श्रीनगर से दिल्ली और मुंबई के लिए चार विशेष उड़ानों की व्यवस्था की गई है। आवश्यता पड़ने पर पर्यटकों के लिए अतिरिक्त उड़ानों को भी स्टैंडबाय पर रखा गया है। नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने सभी एयरलाइन ऑपरेटरों को किराया नहीं बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने एयरलाइनों से श्रीनगर से उड़ानें बढ़ाने के निर्देश दिए हैं, ताकि फंसे हुए पर्यटकों की घर वापसी हो सके।

पंचकोशी यात्रा

ज्योतिर्लिंग भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन में पंचकोशी यात्रा आज वैशाख मास की दशमी तिथि से शुरू हो रही है। यह यात्रा 27 अप्रैल तक चलेगी। यात्रा की शुरुआत पटनी बाजार स्थित श्री नागचंद्रेश्वर महादेव मंदिर से हो रही है। मंदिर के पुजारी राजेश गुरु ने बताया कि यह यात्रा अनादिकाल से चली आ रही परंपरा है। पंचकोशी यात्रा में श्रद्धालु करीब 118 किलोमीटर की परिक्रमा करते हुए रास्ते में चार प्रमुख शिव मंदिरों- पिंगलेश्वर, कायावर्णेश्वर, बिलकेश्वर और दुर्वेश्वर के दर्शन करेंगे। ये मंदिर चारों दिशाओं में स्थित हैं। प्रशासन द्वारा सभी पड़ावों और मंदिरों पर आवश्यक तैयारियां की हैं।

मौसम

भोपाल सहित प्रदेशभर में गर्मी का असर तेज होने लगा है। तेज गर्मी की वजह से इंदौर के कई चौराहों पर राहगीरों को राहत देने टेंट लगा दिए गए हैं। आज मौसम विभाग ने प्रदेश के 6 जिलों में लू का अलर्ट है। इनमें निवाड़ी, टीकमगढ़, पन्ना, सतना, सीधी और सिंगरौली जिले शामिल हैं। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर समेत अन्य शहरों में भी तेज गर्मी रहेगी यहां पारा 43 डिग्री के पार पहुंच सकता है, जबकि खजुराहो, नौगांव, पन्ना, सीधी में तापमान 45 डिग्री या इससे अधिक रह सकता है। कल सर्वाधिक अधिकतम तापमान छतरपुर के खजुराहो में 44.4 डिग्री दर्ज किया गया।

समाचार संक्षेप में :–

- सिविल सेवा परीक्षा 2024 के घोषित फाइनल परीक्षा परिणाम में नर्मदापुरम जिले के तीन युवाओं इटारसी निवासी मोनू शर्मा, नर्मदापुरम की आयुषी मालवीय और तनिष्क सिंह राजपूत ने सफलता अर्जित की है।
- शिवपुरी जिले में पांच जिलों के न्यायिक अधिकारियों का 40 घंटे का मेडिएशन प्रशिक्षण 40 घंटे का मेडिएशन प्रशिक्षण कार्यक्रम कल संपन्न हुआ।
- जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जन अभियान परिषद झाबुआ द्वारा दीवार लेखन कर जन जागरूकता के लिए स्लोगन का लेखन किया गया।
- गुना के गादेर इलाके में नेशनल हाईवे क्रॉस करते समय अज्ञात वाहन की टक्कर से दो युवकों की मौत हो गई।

....